# कार्यालय प्राचार्य,
# शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा,जिला – बालोद (छ.ग.)

Email ID – govtcollegelohara@gmail.com

Tell.No- 07748-264001


क्रमांक. /अति. व्या./2021

डौण्डी लोहारा, दिनांक 20/10/2021

## //महाविद्यालय में अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन व्यवस्था हेतु आम सूचना//

अवर सचिव, छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पृं. क्रमांक एफ 3–32/2020/38–1 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 12.10.2021 एवं संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर का पत्र क्र. 724/126/आउशि/राज.स्था./2021 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 18.10.2021 के अनुसार शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा, जिला–बालोद (छ.ग.) में प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदो के विरूद्ध निम्नलिखित विषयों में अध्यापन व्यवस्था हेतु अतिथि व्याख्याता के आमंत्रण हेतु आवेदन पत्र अंतिम **दिनांक 27.10.2021 तक सायं 05.00 बजे** तक आमंत्रित किया जाता है। चयन प्रक्रिया पूर्णतया मेरिट के आधार पर होगी तथा चयन यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित पूर्व मानदण्डों के अनुसार किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्रमांक | विषय | रिक्त पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 01 | 01 संबंधित विषय में कम से कम 55% (अ.जा./अजजा हेतु 50%) अंक के साथ स्नातकोत्तर उपाधि। (संबंधित विषय में नेट/स्लेट, पी.एच.डी., एम.फिल. उपाधि धारक को प्राथमिकता दी जायेगी।) |
| 2 | वनस्पतिशास्त्र | 01 | |

टीपः– इस प्रयोजन हेतु कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की सेवाए भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं बनेगा और न ही वे अधिमानीक (PREFERANTIAL TREATMENT) बर्ताव के हकदार होगें।

**सामान्य शर्ते–**

1. उक्त पदों पर आमंत्रण उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित पूर्व मापदण्ड के आधार पर मेरिट सूची बनाकर की जावेगी।
2. अतिथि व्याख्याता को किसी अन्य संस्था/महाविद्यालय में अध्यापन न करने का वचन देना होगा।
3. अतिथि व्याख्याता का आमंत्रण स्वीकार होने पर प्रति कालखण्ड रू. 200/– तथा प्रतिदिन अधिकतकम 04 कालखण्ड एवं रू. 800/– एवं मासिक (अधिकतम) रू. 20800/– मानदेय दिया जायेगा। अतिथि व्याख्याता को अवकाश की पात्रता नहीं होगी। शासकीय अवकाश एवं स्वयं की अवकाश पर मानदेय देय नहीं होगी।
4. आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर अंतिम दिनांक **27.10.2021 शाम 5:00 बजें** तक प्राप्त किये जायेंगे। बाद में प्राप्त आवेदन अमान्य होगें। आवेदन के लिफाफे के उपर अतिथि व्याख्याता एवं विषय जरूर लिखें।
5. चयन होने पर आमंत्रण के समय आवेदकों को समस्त प्रमाण–पत्रों की सत्य प्रतिलिपि तथा मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. चयनित पद पर शासन द्वारा नियमित नियुक्ति होने पर अथवा किसी अन्य प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के स्थानांतरण होकर आने पर यह आमंत्रण तत्काल प्रभाव से स्वतः समाप्त हो जायेगी।

Sd

(राजू लाल कोसरे)
प्राचार्य (अ.प्र.)

Principal
Govt. Eklavya College
DondiLohara.Distt.Balod (C.G.)

पृ.क्र. 504 /अति. व्या./2021

डौण्डी लोहारा, दिनांक 20/10/2021

प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लाक सी–30, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इन्द्रवती भवन, अटल नगर रायपुर, छ.ग.।
02. अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर रायपुर को सादर सूचनार्थ।
03. प्राचार्य, (अग्रणी) शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद को सादर सूचनार्थ।
04. प्राचार्य, शासकीय.................................महाविद्यालय..........................जिला–.......................... को सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु अनुरोध के साथ।
05. संपादक दैनिक समाचार.................................................को जनहित में निः शुल्क प्रकाशित करने के अनुरोध के साथ।
06. स्थानीय संस्थाओं के सूचना पटल पर ........................................ ।

20/10/21

(राजू लाल कोसरे)
प्राचार्य (अ.प्र.)

Principal
Govt. Eklavya College
DondiLohara.Distt.Balod (C.G.)

Scanned with CamScanner